बाईक की टक्कर से चाचा की मृत्यु भतीजा गम्भीर रूप से घायल

भटनी(देवरिया)स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पुरनाछापर गाँव के मोड के पहले ही एक बाईक की ठोकर से एकही बाईक पर चाचा की मृत्यु एवं भतीजा गम्भीर रुप मे घायल हो गया । मृतक का पंचनामा बनवाकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।वही घायल भतीजे को उपचार के लिए मेडिकल कालेज देवरिया भर्ती करा दिया ।इस हृदयबिदारक घटना गाँव परिवार को झकझोर कर दिया है ।गाँव में मातम छाया हुआ है ।

बताया गया है कि भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम जिरासो निवासी ओमप्रकाश सिंह अपने भतीजे 28वर्षीय राजेश सिंह के साथ बुधवार को बनकटाशिव गये थे ।वहां सायंकाल समान लेकर बाईक से लगभग सात बजे वापस आ रहे थे ।ज्योही अपने गाँव जाने के लिए ग्राम जिरासो जाने के लिए पुरनाछापर गाँव के मोड पर मुडने की कोशिश की उसी समय एक बाईक ने जोरदार ठोकर मार दी ।जिससे चाचा भतीजा दोनो घायल होकर गिर पडे ।मौके का लाभ उठाते हुए दुसरा बाईक सवार अपनी बाईक से भाग निकला ।घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण सहित परिजन भी आ गये । उपचार के लिए नूरीगंज बाजार में एक निजी चिकित्सक के गये ।वहां से दोनों को सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गये ।जहां चिकित्सक ने ओमप्रकाश सिंह को मृत घोषित कर दिया ।वही भतीजे राजेश सिंह को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया ।इधर पुलिस शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।

उधर मौत की सूचना पर घर की महिलाएं रोने बिलखने लगी । पुरे गाँव में शोक की लहर दौड गयी । मृतक अपने पीछे पत्नी रेनू देवी पुत्र शुभम सिंह व दो पुत्रियो को छोड गये है । दोनो पुत्रियो की शादी हो चुकी है । पुत्र के बाहर होने के कारण उनका भतीजा छुन छुन सिंह ने छोटी गण्डक नदी के तट पर बीरसिंहपुर घाट पर मुखाग्नि देकर अन्तिम संस्कार किया ।

पडरौना नवीन मंडी के दोनों क्रय केंद्रों पर खरीद का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा समर्थन मूल्य

पडरौना/कुशीनगर। नवीन मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों पर गुरुवार को धान खरीद का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी संजय चौहान ने दोनों क्रय केंद्रों पर पहुंचे प्रगतिशील किसानों से फीता कटवाकर खरीद प्रक्रिया की शुरुआत कराई। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी उपज का निर्धारित समर्थन मूल्य दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कुछ किसानों ने सर्वे के दौरान खेतों के रकबे में गड़बड़ी की शिकायत की है। कई किसानों के खेत का वास्तविक रकबा अधिक होने के बावजूद सर्वे में कम दर्ज किया गया है।

❑ खेतों के रकबे में गड़बड़ी सुधारने के लिए विशेष टीम तैनात होगी
❑फार्मर आईडी से पंजीकरण की सुविधा, किसानों को मिलेगी राहत



इस पर राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल विसंगतियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

अगले पांच दिनों में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सर्वे संबंधी समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए क्रय केंद्रों के पास विशेष दल भी तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक किसान को उसकी उपज का उचित मूल्य मिले और खरीद केंद्रों पर अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। धान विक्रय के लिए पंजीकरण की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि किसान पहचान पत्र रखने वाले किसान उसके माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। यदि किसान पहचान पत्र में डिजिटल फसल सर्वे का आंकड़ा प्रदर्शित नहीं हो रहा है, तो किसान पिछले वर्षों की तरह सामान्य प्रक्रिया से भी पंजीकरण करा सकते हैं।

किसान खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा जनसेवा केंद्र और मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से भी यह सुविधा उपलब्ध है। पंजीकरण में किसी प्रकार की समस्या होने पर किसान संबंधित विकासखंड के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

लेखपाल के खिलाफ कारवाई की मांग

कोटवा बाजार/कुशीनगर।पडरौना तहसील क्षेत्र के गाँव कौवासार निवासी सुरेश गुप्ता पुत्र सदरी गुप्ता ने उप जिलाअधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर लेखपाल पर पैसा लेकर कार्य करने का आरोप लगा कार्यवाही की मांग की है। अपने दिए गये शिकायती पत्र के माध्यम सुरेश ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि मेरे पिता का खतौनी मे सही नाम व पता गलत है उसको लेकर हल्का लेखपाल से सुधार करवाने का निवेदन किया तो उन्होने सुधार मे पैसा खर्च करने का मांग कर रहे है कुछ ले भी चुके है शेष और की मांग कर रहे है।इस संबंध में विवेक मिश्रा ने बाताया की पीड़ित का कार्य तत्काल होगा आरोप के मामले में जांच कर कार्रवाई होगी। जबकि हल्का लेखपाल दिवाकर ने बताया की झूठा आरोप है इस तरह की कोई बात नहीं है।

बालीबाल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल का मुकाबला आज

भटनी(देवरिया) स्थानीय विकास खण्ड के घाँटी में चल रहे बालीबाल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच का मुकाबल आज । घाँटी बाजार प्रतिनिधि के अनुसार घाँटी के थवई टोला में आयोजित मण्डल स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता के दुसरे दिन क्वाटर फाईनल का उदघाटन भाटपाररानी के पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय ने खिलाड़ियों का परिचय के बाद करतल ध्वनि के बीच फीता काटकर किया । गोरखपुर ,देवरिया ,,गोपालगंज , घाटी बाजार की टीम शानदार खेल का प्रदर्शन करती हुई सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई । पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय बबलू ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल अनुशासन एकता सहयोग का प्रतीक होता है ।समाज में भाईचारे की भावना जागृत होती है । इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व्यास यादव खालिद हुसैन बृजेश शर्मा रमेश यादव जवाहर यादव मनोज राय महबूब सदरे आलम दानिश खान सत्री खान मंजूर खान हुसैन खाध ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।

त्योहार के मौके पर करें विदेशी सामानों का बहिष्कार

मलुकही बाज़ार कुशीनगर। दीपों के इस पावन पर्व के मौके पर देश के मान को ध्यान में रख कर अधिक से स्वदेसी समानो का उपयोग करना देश हित में है। उल्लेखनीय है कि दीपों के इस पर्व दीपावली को ध्यान में रखते हुये स्वदेसी समानो का उपयोग ही देश हित के साथ साथ जनहित में है क्यों कि इससे सरकारी राजस्व को बृद्धि होगी और देश समृद्ध होगा वही त्योहार के इस मौके पर बाजार विदेशी समानो से भरे प? है उसमें चाइना का स्थान पहले नंबर पर चाइनीज झालर ने जहां पैर जमा रक्खा है वहीं चाइनीज पटाखे भी धडल्ले से बेचे जारहे है जिससे लोगों को बचना चाहिए।

भाजपा संगठन में रविंद्र व सुरेंद्र गोंड़ को मिली नई जिम्मेदारी

कसानगंज(कुशीनगर)।भारतीय जनता पार्टी संगठन में रविंद्र कुमार गोंड को अनुसूचित जनजाति मोर्चा कुशीनगर का जिला उपाध्यक्ष तथा सुरेंद्र कुमार गोंड को भाजपा गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजेश साहनी, शिवम सिंह, राजेश गुप्ता, मनोज गोविंद राव, आलोक गुप्ता, प्रदीप जायसवाल, श्रीनिवास, विनोद गुप्ता, ऋषिराज चौबे, सचिंद्र चौहान, संतोष कुमार, रामज्ञान गोंड, गौरव प्रताप सिंह, शिव प्रताप सिंह, अशोक कनौजिया, चंद्रशेखर सिंह, जितेंद्र गोंड, अखिलेश मौर्य, जितेंद्र सिंह, गंगासागर गुप्ता एवं शाहिद सहित क्षेत्र के लोगों ने बधाई देते हुए पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

खेत से डीजल पंपसेट चोरी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर

तुर्कपट्टी, कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के पुरन्दर पुर में खेत से डीजल पंपसेट चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दिनेश मिश्रा पुत्र रामचंद्र मिश्रा ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़ित के अनुसार, उसका छह एचपी क्षमता का फील्ड मार्शल कंपनी का डीजल पंपसेट खेत में लगा हुआ था। एक नवंबर 2026 की रात अज्ञात चोरों ने उसे चोरी कर लिया। चोरी हुआ पंपसेट करीब पांच साल पुराना था और खेत की सिंचाई के काम आता था। पीड़ित ने पंपसेट की अनुमानित कीमत करीब 35 हजार रुपये बताई है। सुबह खेत पर पहुंचने पर पंपसेट गायब मिला। इसके बाद पीड़ित ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उसने तुर्कपट्टी थाने और मामले में एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।इस संबंध में एस ओ दिनेश कुमार ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। पता करा रहा हूं। शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी.।

धनतेरस-दीपावली पर पडरौना और कसया में बदलेगा यातायात का रुख

पडरौना (कुशीनगर)। धनतेरस और दीपावली के त्योहार पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। छह से आठ नवंबर तक पडरौना और कसया कस्बे में निर्धारित मार्गों पर यातायात प्रतिबंध लागू रहेगा। भारी व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर रोक के साथ ही चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। त्योहार के दौरान बाजारों में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और जाम की स्थिति से निपटने के लिए यह कदम उठाया गया है। पडरौना में चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए उदित नारायण डिग्री कॉलेज के सामने खाली मैदान और सुभाष चौक के पास स्थित सोसाइटी का निर्धारित परिसर तय किया गया है। सिंधुआ की ओर से आने वाले वाहनों को ब्लॉक के पास पार्क किया जाएगा। बावली की ओर से आने वाले चारपहिया वाहनों को नौका टोला से बलुचहां की ओर डायवर्ट किया जाएगा। रविंद्रनगर की ओर से आने वाले वाहनों को कठकुइया मोड़ से ब्लॉक की तरफ भेजा जाएगा, जहां पार्किंग की व्यवस्था रहेगी।

❑छह से आठ नवंबर तक सुबह आठ से रात 11 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन
❑बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, पार्किंग के लिए निर्धारित किए गए स्थल
❑त्योहार पर जाम से बचने के लिए छोटे वाहनों के इस्तेमाल की अपील

कसया में भी भारी वाहनों पर रहेगी रोक

कसया कस्बे में देवरिया अंडरपास, गोलाबाजार तिराहा, सपहां नहर चौराहा और गांधी चौक से भारी व्यावसायिक वाहनों को मुख्य बाजार की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी। यहां भी सुबह आठ बजे से रात 11 बजे तक पूर्व निर्धारित नो-एंट्री व्यवस्था लागू रहेगी। कसया में दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए बैने क्लब परिसर निर्धारित किया गया है। भीड़ बढ़ने की स्थिति में एयरपोर्ट जाने वाली सड़क की बायीं लेन पर भी पार्किंग की व्यवस्था की जा सकती है।

त्योहार के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए नागरिकों से छोटे वाहनों का उपयोग करने और निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने की अपील की गई है।

बीआरसी मोतीचक पर कार्यशाला का हुआ समापन

हाटा(कुशीनगर)। ब्लाक संसाधन केन्द्र मोतीचक पर आयोजित कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मोतीचक मुकेश नारायण मिश्र द्वारा किया गया। इस दौरान संदर्भदाता के रूप में प्रवीण कुमार शुक्ला एवं मनोरमा सिंह ने प्रतिभागियों को जीवन कौशल शिक्षा के विभिन्न आयामों, बालिकाओं के सशक्तीकरण, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की दक्षता एवं सामाजिक व्यवहार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश नारायण मिश्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने सम्बोधन में जीवन कौशल शिक्षा को बालिकाओं के सर्वांगीण विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला का उद्देश्य सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षित कर विद्यालय स्तर पर जीवन कौशल शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू करना तथा बालिकाओं में आत्मविश्वास, समानता और सशक्तीकरण की भावना विकसित करना रहा।कार्यशाला में जहां प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अर्जित ज्ञान को विद्यालयों में व्यवहारिक रूप से लागू करने का संकल्प लिया। वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया।



गणित ओलंपियाड में हिमांशु बना ब्लॉक टॉपर

सुकरौली बाजार- कुशीनगर । ब्लॉक संसाधन केंद्र सुकरौली पर आयोजित गणित ओलंपियाड में विकास खंड के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच *उच्च प्राथमिक विद्यालय डुमरी मलाव के छात्र हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्लॉक टॉपर* बनने का गौरव हासिल किया। संविलयन विद्यालय सुकरौली द्वितीय की छात्रा अनन्या ने द्वितीय* तथा *उच्च प्राथमिक विद्यालय बरसेना के छात्र आदर्श ने तृतीय स्थान* प्राप्त किया। इसके साथ ही जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए *टॉप टेन* में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं में तृषा, महिमा यादव, आनंद कुमार, आदर्श सिंह, सानिया खातून, रविकांत गोंड तथा लक्ष्मी प्रजापति* के नाम शामिल हैं। बच्चों की इस शानदार प्रतिभा को देखकर उनके शिक्षकों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती जया राय ने कहा कि गणित ओलंपियाड जैसे आयोजनों से बच्चों की सोचने-समझने की क्षमता का विकास होता है और उनमें तार्किक शक्ति बढ़ती है। उन्होंने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी। एआरपी गणित रामवीर सिंह ने जनपद के लिए चयनित छात्रों को निरंतर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर *एआरपी श्रीमती आरती गुप्ता, श्रवण कुमार, बलराम सिंह एवं सुनील कुमार राय* ने भी चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेंट जेवियर्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव

कसानगंज (कुशीनगर)। नगर के सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों ने आकर्षक दीये एवं ग्रीटिंग कार्ड तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने स्वयं द्वारा तैयार मिट्टी के दीपक व आकर्षण उपहार को उपजिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक आकाश गिरी सहित पुलिसकर्मियों भेंट कर उनको शुभकामना भेंट किया। थानाध्यक्ष ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आकाश चंद्रा एवं रत्नेश चंद्र ने किया। प्रधानाचार्य वैभव वांटू और उपप्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अंत में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से पर्यावरण अनुकूल हरित दीपावली मनाने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील किया।

इस अवसर पर ज्ञानेश दीक्षित शालिनी जायसवाल आमीन रंजीत सिंह, अभिषेक शर्मा, अंशिका गुप्ता, ज्योति गुप्ता, रिया सिंह, ज्योति मिश्रा, आमीन भट्ट, शबाना, हेमलता गुप्ता, सोनी, सलोनी, जूली राव, रुखसार आलम, स्वाति चौरसिया आदि मौजूद रहे।

बीएड प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा सकुशल संपन्न

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के राम गुलाम राय पीजी कॉलेज, बनकटाशिव, सल्लहपुर में बीएड प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026-27 की मिड टर्म/आंतरिक परीक्षा सफलतापूर्वक एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में कुल 105 प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। परीक्षा का आयोजन प्राचार्य डॉ. राजेश्वर शाही एवं बीएड विभागाध्यक्ष मनमोहन सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। इसमें प्राध्यापक डॉ. राधा रमण मिश्र, डॉ. राहुल मिश्र एवं डॉ. माया का विशेष सहयोग रहा। वहीं, कक्ष निरीक्षक के रूप में प्रकाश यादव, पवन कुमार, दिशा पांडेय एवं साधना यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष मनमोहन सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आंतरिक परीक्षाएं विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन करने के साथ ही उनकी तैयारी को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



हरियाणा निर्मित 38बोतल अबैध अंग्रेजी शराब बरामद

भटनी(देवरिया)।स्थानीय लावारिस हालत मे हरियाणा निर्मित 38बैतल अवैध अंग्रेजी शराब पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जी आर पी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश् कुमार पाण्डेय बनकटा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शिवकुमार कुशवाहा मुख्य आरक्षी अशोक सिंह यादव आरक्षी चन्द्रप्रकाश गुप्त के साथ पुलिस टीम पुलिस अधिकारियों के आदेश के अनुपालन में संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं जाँच करते हुए भाटपाररानी रेलवे स्टेशन से बनकटा रेलवे स्टेशन से 5मिनट पहले ही साधारण ट्रेन के डिब्बे में हरियाणा निर्मित एक ट्राली बैग में रायल स्ट्रेस 14बोतल ,एक पीठ्ठु लाल भुरा बैग में मैजिक मोमेन्ट जामुन 4बोतल मैजिक मोमेन्टबोडका 3बोतल नीला हरा पीठ्ठु बैग में रायल स्टेज ग्रीन व्हीस्की 3बोतल व मैजिक मोमेन्ट ग्रीन बोडका 4बोतल सफेद बोरी में रायल स्टेज ग्रीन 10बोतल कुल 38बोतल कुल मात्रा 28लीटर 500 कुल कीमत 30000रुपये का अबैध अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया ।

हाटा में इस बार सिर्फ 50 दुकानों को मिलेगा पटाखा बिक्री का लाइसेंस

हाटा(कुशीनगर)। दीपावली पर्व को देखते हुए कोतवाली परिसर में बुधवार को पटाखा व्यापारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी आईएएस मयंक त्रिपाठी ने किया तथा क्षेत्राधिकारी कसया अजय कुमार सिंह की मौजूदगी रही।

अधिकारियों ने शासन की गाइडलाइन से व्यापारियों को अवगत कराते हुए स्पष्ट किया कि इस बार हाटा स्थित श्री गांधी स्मारक इण्टर कॉलेज के मैदान में ही पटाखा बाजार लगाया जायेगा, जहां अधिकतम 50 दुकानों को ही लाइसेंस जारी किया जायेगा।

अधिकारियों ने निर्देश दिया कि प्रत्येक दुकान पर अग्निशमन यंत्र (फायर सिलेंडर), 200 लीटर पानी से भरा ड्रम, एक बाल्टी और बालू की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखनी होगी।

इसके अलावा प्रत्येक दुकान के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी होनी चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल बचाव कार्य किया जा सके।

इस निर्णय से हाटा में पिछले वर्षों में पटाखा बेचने वाले करीब 70 दुकानदारों में से 20 दुकानदारों के सामने संकट खड़ा हो गया है।

व्यापारियों ने मांग की है कि सभी को लाइसेंस दिया जाए, जिस पर अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

नियम तोड़ने वालों का लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा।बैठक में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह,नगर चौकी इंचार्ज कमलेन्द्र सिंह,हेड मोहर्रिर प्रमोद यादव,अजय प्रताप राव सहित अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

आरटीओ कार्यालय के इर्द-गिर्द फल-फूल रहा था फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस का कारोबार

पडरौना, कुशीनगर। परिवहन विभाग के कार्यालय के आसपास फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने का मामला सामने आया है। रविन्द्रनगर धूस थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में इस अवैध कारोबार से जुड़े दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से दो कूटरचित ड्राइविंग लाइसेंस, 10 पीवीसी स्मार्ट कार्ड चिप, दो लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, प्रिंटर-स्कैनर और 4,830 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार जमीर अहमद आरटीओ कार्यालय के समीप जमीर कंप्यूटर सेंटर संचालित करता था।

इसी दुकान की आड़ में वह अपने साथी श्यामजी के साथ मिलकर कथित तौर पर फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस तैयार करने का काम करता था। तीन नवंबर को संयुक्त टीम ने कार्रवाई कर दोनों को हिरासत में लिया। जांच में सामने आया कि कंप्यूटर सेंटर पर आने वाले लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन बीमा और आरसी से जुड़े ऑनलाइन कार्य किए जाते थे। इसी दौरान आरोपित ग्राहकों का व्यक्तिगत विवरण और आवश्यक डेटा जुटाते थे। तत्काल भारी वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की जरूरत रखने वाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर असली लाइसेंस की तरह दिखने वाले कूटरचित स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराते थे। इसके एवज में उनसे मनमानी रकम वसूली जाती थी। पुलिस का कहना है कि आरोपित दिन में सामान्य ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से ग्राहकों का विश्वास हासिल करते थे और बाद में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार करते थे। पूछताछ में दोनों ने इस तरीके से अवैध कमाई करने की बात बताई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो फर्जी स्मार्ट ड्राइविंग लाइसेंस के अलावा 10 पीवीसी कार्ड चिप, एक कैनन प्रिंटर-स्कैनर, दो अलग-अलग कंपनियों के लैपटॉप, दो मोबाइल फोन और 4,830 रुपये नकद बरामद किए। गिरफ्तार जमीर अहमद का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास सामने आया है। उसके विरुद्ध रविन्द्रनगर धूस थाने में वर्ष 2025 में एक अन्य मुकदमा दर्ज है। इस संबंध में थाना रविन्द्रनगर धूस में मुकदमा अपराध संख्या 178/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) और 339 में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान जमीर अहमद पुत्र बसावन अली निवासी भिसवा सरकारी तथा श्यामजी पुत्र स्वर्गीय रामनरेश प्रसाद निवासी बसडीला, थाना रविन्द्रनगर धूस के रूप में हुई है।



कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, साइबर सेल प्रभारी सुनील कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सूर्यभान यादव, विनायक यादव सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

वित्तीय समावेशन अभियान में तीन लाभार्थियों को मिले दो-दो लाख रुपये के बीमा चेक

सुकरौली बाजार- कुशीनगर । उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की रामपुर सोहरौना शाखा में आयोजित कार्यक्रम में सरकारी बीमा कम्पनियों के योजनाओं की दी गई जानकारी, ग्राहकों को किया गया जागरूक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख गोरखपुर-द्वितीय संजय कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाएं आम नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से जरूरत के समय परिवार को आर्थिक सहायता मिलती है। उन्होंने ग्राहकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

वित्तीय साक्षरता अधिकारी अमित कुमार सिंह ने भी लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की विशेषताओं और बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

इस दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आशा देवी पत्नी स्व. अनिल कुमार और सलमा पत्नी स्व. सिकंदर को दो-दो लाख रुपये के बीमा चेक प्रदान किए गए।

वहीं केयर हेल्थ बीमा के तहत दुर्गावती पत्नी स्व. मोहन को भी दो लाख रुपये की बीमा सहायता दी गई।